# डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, निम्बाहेड़ा

## राष्ट्रीय सेवा योजना वार्षिक प्रतिवेदन 2022–23

महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दो ईकाईयों द्वारा सत्र् 2022–23 में मैं नहीं तुम के आधार वाक्य का अनुसरण करते हुए गतिविधियों का आरंभ पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रयासों से किया, जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा अपने आस–पास वृक्षारोपण किया गया और जनसामान्य को वृक्ष लगाने को प्रेरित किया, प्रत्येक स्वयंसेवक ने अपने आस–पास 5 पौधे लगाकर उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया। 8 अगस्त, 2022 को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम अधिकारियों के दिशानिर्देशन में महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया और इसी क्रम में 13 अगस्त 22 को उपरोक्त संबंध में एक परिचर्चा भी महाविद्यालय में आयोजित हुई, तत्पश्चात निबंध, पोस्टर आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। 15 अगस्त 22 को महाविद्यालय परिसर में उपस्थित होकर स्वयंसेवको ने महाविद्यालय परिवार सहित स्वाधीनता दिवस मनाया। राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों का आमुखीकरण कार्यक्रम जिला समन्वयक व कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में दिनांक 23 सितंबर 22 को आयोजित किया गया। आमुखीकरण के इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारियों ने भावी एवं वर्तमान स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, कार्यों–गतिविधियों एवं वांछित लक्ष्यों से अवगत करवाया।

इस अवसर पर नवीन स्वयंसेवकों का योजना हेतु पंजीकरण किया गया और पुष्कर बैरागी और निशा आंजना को कैंपस अम्बेसेडर सर्वसम्मति से मनोनीति किया गया। दोनो स्वयंसेवकों ने इस अवसर पर योजना की गतिविधियों में पूर्ण योगदान देने और स्वयं एवं स्वयंसेवकों को अनुशासन में रखने का संकल्प लिया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 सितंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया, स्थापना दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, इसकी सदस्यता और किए जाने वाले कार्यों एवं वांछित लक्ष्यों पर प्राचार्य, जिला समन्वयक और कार्यक्रम अधिकारियों ने अपने विचार रखे एवं राष्ट्र निर्माण में स्वयं सेवकों की क्या भूमिका हो सकती है पर एक परिचर्चा भी आयोजित की गई। पूर्व कैम्पस एम्बेसेडर आंचल ने राष्ट्रीय सेवा योजना में कार्य करने पर प्राप्त हुए अनुभवों से भावी स्वयंसेवकों को अवगत कराया, साथ ही इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने राष्ट्र सेवा की शपथ भी ली। 2 अक्टूबर, 2022 को गांधी जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का एकदिवसीय शिविर आयोजित किया गया, शिविर में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर सौदर्यीकरण हेतु श्रमदान करने के अतिरिक्त द्वितीय सत्र में विश्व अहिंसा दिवस एवं गांधी जयंती के उपलक्ष में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भाग लिया एवं तृतीय सत्र में वैश्विक शांति में हम किस तरह से अपना अपना योगदान दे सकते है विषय पर आयोजित बौद्धिक परिचर्चा में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित गीत वैष्णव जन तो तेने कहिए, दे दी हमें आजादी, धर्म वही सच्चा आदि समूह गान में भाग लिया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के सामाजिक जीवन में योगदान पर प्रकाश डाला गया। 17 अक्टूबर 2022 को विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत अभियान 2.0 के

बाबत प्लास्टिक मुक्त अभियान में अपने घर, मोहल्ले और महाविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त करने का संकल्प लेकर महाविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त किया और भारत सरकार के इस अभियान में अपना योगदान दिया।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाई गई। इसके बाद रन फॉर यूनिटी का महाविद्यालय खेल मैदान में आयोजन किया गया। सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं राष्ट्रीय एकता में उनके योगदान विषय पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिला समन्वयक द्वारा राष्ट्रीय एकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया।कौमी एकता सप्ताह में नवंबर माह में महाविद्यालय में अध्ययनरत विभिन्न धर्मों के विद्यार्थियों को दैनिक कक्षाओं में आचार्यों द्वारा कौमी एकता के महत्व को समझाया गया। 26 नवंबर, 2022 को संविधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय विद्यार्थियों एवं स्टाफ के सभी सदस्यों को संविधान के पालन की शपथ दिलवाई गई एवं कौमी एकता विषय पर एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें कौमी एकता की आवश्यकता इस हेतु क्या किया गया और क्या किया जाना चाहिए और सरदार पटेल, इंदिरा गांधी आदि भारतीय नेताओं का इसमें क्या योगदान रहा इस पर चर्चा हुई इस अवसर पर अम्बेडकर पीठ मूण्डला, जयपुर के तत्वावधान में राष्ट्र की एकता अखण्डता में अम्बेडकर के योगदान विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया उपरोक्त प्रतियोगिता में जिला स्तर पर महाविद्यालय के तीन प्रतिभागियों क्रमशः पवन समदानी, रवीना धाकड़, एवं सुगना कुमावत प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। इन स्वयंसेवकों को क्रमशः 5100, 3100, 2100 रूपए की राशि पुरस्कार स्वरूप अम्बेडकर पीठ द्वारा प्रदान की गई। दिसंबर, 2022 के द्वितीय सप्ताह में 10 दिसंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना और मानवाधिकार क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मानवाधिकार पर एक व्याख्यानमाला एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया समाजशास्त्री प्रो. कोठारी एवं शिल्पा नागौरी ने मानवाधिकारों पर अपने विचार रखे एवं मौलिक अधिकारों के संरक्षण के साथ कर्त्तव्य पालन नहीं किए जाने का मुद्दा उठाया गया इस अवसर पर मानवाधिकार संबंधी एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ ताकि मानवाधिकारों के संबंध में स्वयंसेवकों एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों का ज्ञान बढ़ सके। दिसंबर, 2022 के दूसरे पखवाड़े में आयुक्तालय के निर्देशानुसार राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर विभिन्न प्रतियोगिताओं को करवाने का उत्तरदायित्व प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना को दिए जाने के बाद रासेयो के तत्वावधान में विभिन्न प्रतियोगिताओं यथा निबंध, भाषण क्विज आदि का आयोजन हुआ और विद्यार्थियों को सरकार की विभिन्न फलैगशिप योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय एकदिवसीय शिविर का 26 दिसंबर 2022 को आयोजित किया गया द्वितीय एकदिवसीय शिविर स्वास्थ्य सेवा को समर्पित रहा। हरीश आंजना की स्मृति में महाविद्यालय खेल मैदान परिसर में आयोजित चिकित्सा शिविर में अपनी सेवाएं दी। स्वयं सेवको ने कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में दूरदराज से आ रहे बीमार, बूढ़े लोगों शिविर में नियम स्थान तक ले जाने, उनका

पंजीकरण करने और उन्हें अस्थि, आंख, त्वचा, हृदय, कोरोना, नाक–कान–गला एवं सामान्य एवं मौसमी बीमारियों से बचने हेतु जागरूक किया, समग्रतः यह शिविर पूर्णतः राष्ट्रीय सेवा योजना की भावना के अनुरूप जनसेवा को समर्पित रहा।

जनवरी, 2023 का आरंभ राष्ट्रीय युवा दिवस के आयोजन से हुआ, युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद को याद किया जाकर भारत के नव–निर्माण में युवा शक्ति के योगदान पर महाविद्यालय सहायक आचार्य शेरा बानो द्वारा अपने विचार रखे गए और स्वामी विवेकानंद के योगदान को याद किया गया। 25 जनवरी, 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया और इस अवसर पर 1 जनवरी, 2023 को 18 वर्ष की आयु को प्राप्त करने वाले महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को स्थानीय बीएलओ द्वारा रजिस्ट्रेशन कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा 12 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान अधिकार का प्रयोग करने हेतु स्वयंसेवको एवं महाविद्यालय स्टाफ को शपथ दिलवाई गई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में युवा एवं उनका वोट देश का भविष्य विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता एवं एक समूह चर्चा का भी आयोजन हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने व्यक्तिगत स्तर पर 30 जनवरी, 23 से 1 फरवरी 2023 तक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय निम्बाहेड़ा में आयोजित चित्र प्रदर्शनी जिसका विषय अमृतकाल में कर्त्तव्य पथ पर अग्रसर था का अवलोकन किया महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने 30 जनवरी 2023 को शहीद दिवस पर महात्मागांधी को श्रद्धांजली अर्पित की और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

| | |
|---|---|
|  |  |
| म्हाविद्यालय परिसर में पौधारोपण | पोस्टर/चार्ट प्रतियोगिता |

| | |
|---|---|
|  |  |
| आमुखीकरण कार्यक्रम | एनएसएस दिवस पर राष्ट्र सेवा की शपथ |
|  |  |
| गांधी जयंती पर आयोजित विश्व शांति व अहिंसा कार्यक्रम | गांधी जी के श्रम के सिद्धांत को साकार करते स्वयंसेवक |
|  |  |
| प्लास्टिक मुक्त समाज अभियान में स्वयंसेवक | राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन |

| | |
|---|---|
|  |  |
| राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम | अम्बेडकर पीठ मूंडला जयपुर के तत्वावधान में संविधान दिवस पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी |
|  |  |
| मानवाधिकार क्लब, एनएसएस व राजनीतिविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम | द्वितीय एकदिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा हरीश आंजना स्मृति मेडीकल कैम्प में रोगियों को अपनी मानवीय सेवाएं देते हुए स्वयंसेवक |

(कार्यक्रम अधिकारी)